हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री






## शीतलहर व घना कोहरा से आवागमन हो रहा है बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

बुधवार की सुबह ठंड के साथ घनी धुंध और शीत की बूंदों के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह स्थिति विशेष रूप से रायपुर–बलौदा बाजार मार्ग एवं आरंग–सिरपुर–घोटिया मार्ग पर देखने को मिली।

सुबह के समय धुंध इतनी घनी थी कि दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक लाइट और इंडिकेटर का उपयोग करते हुए धीमी गति से वाहनों का संचालन करते नजर आए। जानकारी के अनुसार धुंध का असर सुबह करीब 8 बजे से 9 बजे तक बना रहा। इसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों सहित राहगीरों को भी परेशानी हुई। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से ठंड में और इजाफा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### खबर संक्षेप

#### युवती ने लगाई फांसी, जांच जारी



**गिधौरी।** ग्राम अमोंदी में अज्ञात कारण से एक युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार अमोंदी में मंगलवार को पुष्पलता मेहरा पिता शंकर लाल 23 वर्ष ने अज्ञात कारण से घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पुलिस चौकी गिरौदपुरी में दी गई है। पुलिस मर्ग कायम कर घटनास्थल पहुंची और युवती की शव उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया। पुलिस जांच में जुटी हुई है। युवती की मौत का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद हो सकता है।

#### गौवंश की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



**सिमगा।** क्षेत्र के ग्राम दरचुरा के जंगल में गौवंश की नृशंस हत्या के मामले को सिमगा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 दिसंबर की सुबह सूचना मिली कि दरचुरा के ▶▶ शेष पेज 12 पर

**कार्रवाई : बगैर लाइसेंस के चल रहा था एसबीजी पल्सेस, प्रशासन ने की कार्रवाई**

# दाल मिलों और फूटा चना उद्योगों में खाद्य विभाग का छापा, मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



क्षेत्र में मिलावटखोरी और खाद्य मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने भाटापारा स्थित विभिन्न दाल मिलों और फूटा चना उद्योगों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं।

अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में सूरजपुरा रोड स्थित एसबीजी पल्सेस में बड़ी लापरवाही उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह इकाई बिना वैध खाद्य लाइसेंस के संचालित की जा रही थी।

यहां तैयार किए जा रहे फूटा चना के पैकेटों पर न तो उत्पादन तिथि अंकित थी और न ही बैच नंबर डाला गया था।

टीम ने मौके से फूटा चना के नमूने जब्त कर उन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नियमों की अनदेखी पर नोटिस जारी

*निरीक्षण दल ने खोखली स्थित ओमकार दाल इंडस्ट्रीज का भी जायजा लिया। यहां खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। स्वच्छता और सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर विभाग ने उद्योग को सुधारात्मक नोटिस जारी किया है और तय समय सीमा के भीतर व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी है।*

### प्रशासन की चेतावनी

*खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी खाद्य कारोबारियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने और पैकेट पर आवश्यक जानकारी जैसे एक्सपायरी और बैच नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।*

## ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

**गिधौरी।** गिधौरी-गिरौदपुरी मार्ग पर ग्राम कोटियाडीह एवं तेंदूभाटा के बीच में मंगलवार शाम 6 बजे के आसपास ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार टक्कर से बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम ग्राम कोटियाडीह एवं तेंदूभाटा के बीच मुर्गी



फार्म के पास तकरीबन 6 बजे के आसपास हरे बाइक सीडी डीलक्स में चालक युवक देवलाल उर्फ भोलू यादव ग्राम महकम निवासी अपने गांव से गिधौरी आ रहा था, उसी बीच ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक चालक देवलाल की ▶▶ शेष पेज 12 पर

## 23 लीटर शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**कसडोल।** प्रदेश में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में देशी मदिरा जब्त की है। आबकारी विभाग की टीम ने कसडोल वृत्त के अंतर्गत ग्राम मल्दा में छापेमारी की। यहां आरोपी राजकुमार साहू 50 वर्ष के कब्जे से 18 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। जब्त शराब का बाजार मूल्य ▶▶ शेष पेज 12 पर

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण-** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

सुमीत बाजार™



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले

किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज

पॉलीकोट 1+2 बेडशीट सेट ₹333

1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card

*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

सिटी सेंटर, भाटापारा

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में कथावाचक मृत, दो घायल

**महासमुंद।** परसदा मोड़ पर सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में कौंदकेरा निवासी कथावाचक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कौंदकेरा निवासी कथावाचक नंदलाल दुबे (पं. नंदाचार्य) (55) सोमवार शाम यजमान के घर से पूजा पाठ कर स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचई 8411 से निवास ग्राम कौंदकेरा जा रहे थे कि रात करीब 7:30 बजे सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3733 के चालक ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में कथावाचक नंदलाल दुबे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार परसदा नवागांव निवासी राहुल ध्रुव व ओमप्रकाश विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आई। जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को गंभीर अवस्था में रायपुर रिफर किया गया है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जगत पान ठेला के पास सागर पट्टी नयापारा महासमुंद निवासी फिरोज ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे किसी नुकीली वस्तु से कमर के नीचे बांयी ओर मारकर चोट पहुंचाया।

### वायरल वीडियो संबंधित शिकायत पर बाल आयोग ने लिया संज्ञान

**महासमुंद।** बाल आयोग ने शासकीय हाईस्कूल मोहगांव के वायरल वीडियो से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लिया है। डीईओ महासमुंद को इस प्रकरण की जांच कर स्पष्ट जांच रिपोर्ट की मांग की। जिसके परिप्रेक्ष्य में बीईओ पिथौरा ने इस मामले की जांच करके 22 नवंबर को जांच रिपोर्ट पेश कर दिया है। आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुमार दास ने 14 अक्टूबर को डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत कर छह बिंदुओं में निष्पक्ष जांच की मांग की। जिसे लेकर बाल आयोग ने डीईओ महासमुंद से जांच रिपोर्ट मांगी। डीईओ महासमुंद के निर्देश से लक्ष्मी डडसेना बीईओ पिथौरा 21 एवं 22 नवंबर को जांच मोहगांव हाईस्कूल पहुंची व जांच करके तत्काल इसी दिन ही जांच रिपोर्ट छत्तीसगढ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में अग्रेषित किया है। जांच में कई तथ्य मिले, जिसमें बैसाखूराम भोई व्याख्याता द्वारा स्कूली बालिका का प्राचार्य पर लगाए गए गंभीर आरोप संबंधित वीडियो बनाकर छिपाये रखना एवं वर्तमान संकुल समन्वयक अंजय कश्यप द्वारा शाला प्रबंधन समिति व ग्रामीणों के मना किए जाने पर उक्त गंभीर वीडियो के संबंध में जानकारी उच्च कार्यालय को नहीं दिया गया है, जो सही नहीं है। अब यह प्रश्न उठ रहा है कि इतने संवेदनशील मामले से जुडे वीडियो को क्यों छिपाया गया और समय रहते उच्च अधिकारियों को सूचित क्यों नहीं किया गया।



# गुरु घासीदास जयंती से पूर्व निकाली भव्य शोभायात्रा


हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सत्य, अहिंसा और समानता के प्रतीक सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास बाबा की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को जिला मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सतनाम सेना नयनदास महिलांग सेवा समिति एवं पुराना बस स्टैंड स्थित गुरु घासीदास स्मृति स्थल समिति के संयुक्त तत्वावधान में निकली इस शोभायात्रा में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना।

शोभायात्रा का शुभारंभ पुराना बस स्टैंड स्थित गुरु घासीदास चौक से हुआ। यह यात्रा पुरानी बस्ती, सतनाम चौक, ठाकुर देव चौक, अंबेडकर चौक, भैसा पसरा, नेहरू चौक, गांधी चौक, नयापारा एवं इंदिरा कॉलोनी होते हुए महंत नयनदास स्मृति स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में बाबा घासीदास के जयकारों से नगर गूंजता रहा। आतिशबाजी और धुमाल की थाप पर झूमते समाजजन शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहे। महंत नयनदास स्मृति स्थल पहुंचने पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जहां बाबा गुरु घासीदास की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। देर शाम तक सांस्कृतिक एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

## गुरु घासीदास जयंती पर गिरौदपुरी में मेला आज

**लवन।** बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी में 18 दिसंबर को बाबाजी के जन्मदिन पर भक्तों की भारी भीड़ लगेगी। बाबा गुरु घासीदास के पवित्र स्थल एवं विश्व प्रसिद्ध सबसे ऊंचा जैतखाम, मुख्य मंदिर, पंच कुंडी, अमृत कुंड, चरण कुंड छाता पहाड़, सफुरामठ, आदि पवित्र स्थल का दर्शन लाभ लेने भक्तों की भारी भीड़ लगेगी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश ही नहीं विदेश से भी दर्शनार्थी इस वर्ष पहुंचने के संकेत हैं। 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती पर गिरोदपुरी स्थित बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली सहित अनेक पवित्र स्थलों पर आकर्षक साथ सजा के साथ दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ेगी वैसे भी विश्व प्रसिद्ध सबसे ऊंचा जैतखाम को देखने के लिए 12 महीने प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। इस वर्ष जयंती के दिन दर्शनार्थियों की संख्या लाखों में हो सकती है। बताया गया कि



जन्मदिन पर सतनामी समाज के ही नहीं अन्य समाज से जुड़े लोग भी बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली का दर्शन लाभ लेते हैं। 1 दिसंबर से ही सतनामी समाज के लोग गुरु पर्व के रूप में मानते हैं। 18 से 31 दिसंबर तक गांव-गांव में बाबा गुरु घासीदास के जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इस वर्ष भी प्रदेश के कोने-कोने में यंती का आयोजन हो रहा है। जयंती पर बाबा गुरु घासीदास के मानव -मानव एक समान जैसे अनेक आदर्श को अवगत कराया जाता है।



## गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर जरूरतमंद को राशन सामग्री का वितरण

पलारी। गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर नगर में सामाजिक सद्भाव, करुणा और मानव सेवा की भावना को सशक्त करने नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा और मानवता के संदेशों को जीवन में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम ने गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को सार्थक रूप में चरितार्थ किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को चावल, दाल, आटा, तेल सहित आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इस सेवा कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद नेमसिंह बांधे, प्रतिभा घनश्याम धीरहे, कुमार धीवर, नारायण धीवर पुनीत निषाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि सहित साधना घृतलहरे, दुर्गा धीरहे, सुखमणि घृतलहरे, जामबाई जांगड़े, बुद्धा गोंदा मांडले, फेकन बाई, सावित्री जोशी, देवला मांडले, सुशीला, लक्ष्मी, चंद्रिका जोशी, गंगा कुर्रे, श्याम बाई, मंजू बांधे, फेरहीन मांडले, भूरी बांधे, बुद्धारिन, तिजिया निषाद, पांचों निषाद, मैना घृतलहरे, मुन्नी बाई, थनवारी, गीता भारद्वाज, लक्षवंती, ईश्वरी धीरहे, धनकुंवर मनहरे, बिसाहिन मांडले, बिंदा कुर्रे, रेवती निरा, सोनू नगीना, सातों बाई सहित अन्य लाभार्थी उपस्थित थे।

# नाबालिग की अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

पुलिस ने नाबालिग लड़की की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भेजने और गाली-गलौज करने वाले आरोपी को महाराष्ट्र के श्रीरामपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्रार्थी ने 12 दिसंबर को थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 दिसंबर को उसके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से मोईन काजी नामक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री की नग्न और अश्लील तस्वीरें व्हाट्सएप पर भेजीं। साथ ही टेक्स्ट मैसेज के जरिए गंदी गालियां भी दी गईं। पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी मोईन बालम सैय्यद उर्फ मोईन काजी महाराष्ट्र के




श्रीरामपुर का रहने वाला है। वरिष्ठ कार्यालय से अनुमति प्राप्त कर खरोरा पुलिस की एक विशेष टीम महाराष्ट्र रवाना की गई। पुलिस ने आरोपी को उसके निवास स्थान से घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त वीवो वी-29 स्मार्टफोन जब्त किया है।

मोबाइल की जांच करने पर स्नैपचैट ऐप में डार्लिंग नाम के चैट फोल्डर से पीड़िता के साथ की गई अश्लील बातचीत और आपत्तिजनक तस्वीरें बरामद हुई हैं।

पुलिस ने प्रार्थी का मोबाइल भी जब्त किया है जिसमें आरोपी द्वारा भेजी गई सामग्री मौजूद थी।

नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद, आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। परिजनों को सूचना देने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष से भाजपा सदस्यों ने की मुलाकात



**सेल।** भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में नगर पंचायत टुण्डरा अध्यक्ष छतराम साहू, जनपद पंचायत कसडोल सभापति व्यास नारायण श्रीवास, भाजपा बलौदाबाजार जिला प्रतिनिधि एमएल वर्मा, कटगी मंडल प्रवक्ता सतीश शर्मा, भाजपा टुण्डरा मंडल महामंत्री साधराम प्रजापति ने सौजन्य भेंट में गुलदस्ता भेंट किया।

# अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 247 कट्टा अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को संयुक्त टीम द्वारा 247 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम सलोनी के तुलसी राम बंजारे पिता हिरऊ राम बंजारे के प्रतिष्ठान से 32 कट्टा धान जब्ती प्रकरण बनाया गया सुपुर्दगी बेदराम ग्राम कोटवार को दिया गया। रोहांसी के लोकनाथ सिन्हा पिता रामजी सिन्हा के प्रतिष्ठान से 120 कट्टा धान का जप्ती





प्रकरण बनाया गया। रोहांसी के ही भोजराम साहू पिता कलानाथ साहू से 85 कट्टा धान का जब्ती प्रकरण बनाया गया। कार्यवाही के दौरान एसडीएम पलारी दीपक निकुंज सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह सिमगा में दिनेश साहू के दुकान का निरीक्षण करने के दौरान 10 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया जिसे पटवारी कोटवार के माध्यम से भाटापारा मंडी में सुपुर्द किया गया।

# अर्जुनी में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

बलौदाबाजार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में जिला पंचायत सभापति ने सीसी रोड सामुदायिक भवन योग कार्य हेतु का भूमि पूजन किया। उक्त निर्माण कार्यों का सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत 15 लाख की स्वीकृति प्रदान कराई है। इसमें सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 5 लाख एवं सामुदायिक भवन योग कार्य हेतु 10 लाख स्वीकृत हुए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। साथ ही सांसद कमलेश जांगड़े जांजगीर चांपा द्वारा सांसद मद 3.50 लाख अनुशंसित ग्राम पंचायत अर्जुनी को पानी टैंकर दिया गया है। जिसका पूजा अर्चना उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर में जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा, जिला पंचायत





सभापति ईशान वैष्णव, जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, प्रमोद जैन, उमेश जैन, भोला यदु, सचिन सोनी, शंकर लाल रजक, राधेश्याम साहू, चन्द्रौतिन साहू, बिंदा भसगौरी श्याम बाई रजक, कन्हैया कटारे, विजय वर्मा, जीवन साहू, संजय रजक एवं पंचगण तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एकांकी में दिव्या और ग्रुप प्रथम, पुष्पांजलि ने कहानी लेखन में मारी बाजी

# युवा उत्सव में चरोदा के छात्रों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा उत्सव में हाई स्कूल चरोदा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर शाला का गौरव बढ़ाया है। विजेताओं को संयुक्त जिला कलेक्टर सीमा ठाकुर ने सम्मानित किया।

युवा उत्सव युवाओं में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और विकसित भारत के संकल्प को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन में लोकगीत, लोकनृत्य, चित्रकला, कहानी और कविता लेखन जैसी विभिन्न



विधाओं में 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय हाई स्कूल चरोदा के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य, वाद-विवाद, कहानी लेखन और पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिव्या और उनके ग्रुप ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा पुष्पांजलि ने अपनी रचनात्मक लेखनी के दम पर द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेता छात्र-छात्राओं को संयुक्त जिला कलेक्टर सीमा ठाकुर एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें संभाग और राज्य स्तर पर होने वाली आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पेज 11 के शेष

### ट्रैक्टर और बाइक...

मौके पर मौत हो गई और ट्रैक्टर चालक घटना स्थल से फरार हो गया। मृतक देवलाल का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल भेजा गया, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। गिरौदपुरी पुलिस चौकी में मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक की पतासाजी कीय जा रही है। मृतक युवक की ओर चार दिन पहले ही अस्पताल में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है और छुट्टी कराकर एक दिन पहले घर आये थे। मृतक ग्राम महकम का निवासी है, जो गिधौरी के साहू होटल में काम करता था।

### 23 लीटर शराब...

लगभग 8,000 रुपए आंका गया है। इसी तरह पलारी वृत्त के ग्राम नगपुरा में टीम ने दबिश देकर आरोपी डोमेश चंद्राकर 30 वर्ष को पकड़ा। आरोपी के पास से 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 3,000 रुपए आंकी गई है। दोनों आरोपी राजकुमार साहू और डोमेश चंद्राकर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) और 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया है। विभाग ने शराब जब्त कर आरोपियों को विवेचना में लिया है।

### गौवंश की हत्या ...

जंगल में एक गौवंश का कटा हुआ सिर और शरीर के अन्य अवशेष पड़े हैं। जांच और पूछताछ में पता चला कि वह गौवंश ग्राम अकलतरा निवासी प्रार्थी परदेसी साहू का था। घटनास्थल का दृश्य हृदयविदारक था, अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से गौवंश की हत्या की थी और शरीर के मुख्य भाग वहां से गायब थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी रितेश मिश्रा के नेतृत्व में सिमगा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर दो संदिग्ध प्रवीण मसीह 49 वर्ष निवासी- ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा और समीर डहरिया उर्फ चोटी 30 वर्ष निवासी- ग्राम दरचुरा थाना सिमगा को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ में दोनों आरोपियों ने दरचुरा जंगल में गौवंश की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू और अन्य धारदार हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 10, और 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# जिले में 21 से 23 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

## अभियान की तैयारी के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति दीपक सोनी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, कार्ययोजना तथा अंतरविभागीय समन्वय से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अभियान के दौरान सभी विभागों से आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि जिले में पल्स पोलियो अभियान को पूर्ण सफलता मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में सभी ग्रामों, वार्डों में बूथ दलों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई है। बैठक में विकासखंडवार अभियान के क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना, कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते हुए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बताया गया कि पोलियो बूथ



आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं पंचायत भवनों में स्थापित किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर को प्रारम्भ किया जाएगा जिसमें 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस बच्चों को पोलियो बूथों पर दवा पिलाई जाएगी जबकि 22 एवं 23 दिसंबर को मॉप-अप दिवस के रूप में घर-घर भ्रमण कर शेष बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिले में कुल 180681 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार में 41821, भाटापारा में 34045, कसडोल में 36455, पलारी में 33858 तथा सिमगा में 34502 बच्चे शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### घना कोहरे से वाहनों की रफ्तार हुए धीमी

**पलारी।** नगर में बुधवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे 10 मीटर दूर के लोग भी दिखाई नहीं दे रहे थे। चालकों को वाहनों के रफ्तार धीमी करनी पड़ी, वहीं वाहनों के लाइट जलाने पड़े। लोगों ने कहा कि पलारी में इस तरह के घना कोहरा पहली बार छाया है।

### नव निर्वाचित सरपंचों को दिया आधारभूत प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार।** त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं ग्राम पंचायतों के प्रभावी संचालन हेतु नव निर्वाचित सरपंचों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र बलौदाबाजार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से निर्वाचित सरपंचों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान सरपंचों को पंचायत राज अधिनियम, ग्राम सभा की भूमिका, वित्तीय प्रबंधन, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही, जल संरक्षण, स्वच्छता, तथा विकास कार्यों की योजना निर्माण एवं निगरानी से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्रों में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे सरपंच अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी सरपंचों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जल स्रोत संरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण, नल-जल योजना का संचालन, उपयोगकर्ता शुल्क, तथा जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन के तहत जिले में अभी तक 188781 ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

### भंवरगढ़-नेवरी-जांगड़ा सड़क निर्माण की मंजूरी

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के विकास को नई गति देते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में नवेरी से गाडाभाठा तक 3.50 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल हैं, जिसके लिए कुल 432.54 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह भंवरगढ़ से जांगडा के लिए 1.08 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए संकल्पित है। नवेरी से गाडाभाठा और भंवरगढ़ से जांगडा मार्ग का निर्माण ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ेगा, जिससे विकास के नए अवसर सृजित होंगे और आम जनता को सुरक्षित व सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सड़क, पुल और अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले और नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हो। उल्लेखनीय है कि इस स्वीकृति के साथ ही निर्माण कार्य से संबंधित सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण हो सके और जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

# पेंशनर दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**पेंशनर दिवस पर महासम्मेलन में शामिल हुए कलेक्टर सोनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा बुधवार को जिला ऑडिटोरियम में 24वां प्रांतीय पेंशनर दिवस महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कलेक्टर दीपक सोनी शामिल हुए। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के पेशनरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर सोनी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने अपना पूरा जीवन जनसेवा में समर्पित कर सेवानिवृत्ति के बाद नई पारी की शुरुआत की। आप लोगों के कार्य और सेवा से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। आप लोगों के अनुभव का लाभ नई पीढ़ी को मिले इसके लिये मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश 25वर्ष का हो गया है और हम रजत जयंती महोत्सव मना रहे हैं। इसमें वरिष्ठ नागरिकों की अहम भूमिका है। वर्ष 2047 तक प्रदेश विकसित राज्य बने उसके लिये आप लोगों ने नींव मजबूत करने का काम किया है। शासन द्वारा समय -समय पर पेंशनरों के कल्याण के लिये अनेक पहल की जाती है। इसी कड़ी में पेंशनरों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा मिल रही है, जिससे घर बैठे बैंकों को भेज सकते हैं। इस अवसर प्रान्ताध्यक्ष डॉ डी.पी. मनहर, प्रांतीय महासचिव रतन लाल कैवर्त्य, जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।






## वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्ष



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर समाज कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को श्री वाटिका वृध्दाश्रम में वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों का चिकित्सकों द्वारा बीपी शुगर एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता अनुसार वृद्धजनों को सहायक उपकरण छड़ी प्रदाय की गई। वृध्दाश्रम के अन्तःवासी को जिले के प्रसिध्द सिध्देश्वर मंदिर पलारी का भ्रमण कराया गया। साथ ही साथ उक्त स्थल में मनोरंजनात्मक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पलारी सविता यादव, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# नशा मुक्ति अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महिला समूह को मिलेगी प्रोत्साहन राशि






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जंयती पर बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के विभिन्न विकासखण्डों से भारत माता वाहिनी की 15 समूह की 150 महिलाओं को टोपी, सीटी एवं छड़ी का वितरण किया। कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्त समाज बनाने में समाज को ही जागरूक होना पड़ेगा और भारत माता वाहिनी इस काम को बखूबी कर रही है। उन्होंने भारत माता वाहिनी के कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक 3 माह में नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 समूहों को जिला प्रशासन की ओर से 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले अपने-अपने पंचायत को नशामुक्त करने जागरूकता अभियान चलाएं और इस अभियान में लोगों की बढ़-चढ़कर सहभागिता कराएं। इस अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए, जगह-जगह आरती और स्वागत हुआ

नगर में इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती पर 17 दिसंबर को सतनाम संदेश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। 16 तारीख को जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 17 दिसंबर को सतनाम भवन पलारी में जोड़ा जैतखाम एवं गुरुगद्दी की समाज प्रमुखों द्वारा पूजा अर्चना कर सतनाम संदेश शोभायात्रा को नगर भ्रमण हेतु प्रस्थान किया गया। सतनाम संदेश देते साथ ध्वजा वाहक के आगे आगे डीजे के साथ युवा पंथी के गीतों पर घूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। उनके साथ-साथ पंथी के कलाकार अपने नित्य का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। बाबा गुरु घासीदास के रथ के साथ कलश लिए हुए बालिका एवं मातृशक्ति कतारबद होकर चल रही थी। सतनाम भवन से यात्रा शुरू साइ मंदिर, हाईस्कूल बाजार चौक, शीतल महामाया, होते हुए सतनाम चौक से पुलिस थाना अंबेडकर चौक से बस स्टैंड होते हुए रायपुर मार्ग से वापस होते हुए मुख्य मार्ग से वापस सतनाम भवन की ओर निकले सतनाम भवन में 7 ध्वजवाहक एवं कलश लेकर चल रही मातृशक्ति का स्वागत अभिनंदन करते हुए सामूहिक रूप से गुरु वंदना गुरु आरती की गई। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने आरती उतार कर पूजा अर्चना की। वहीं पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा में सतनामी समाज के दुर्गा महेश्वर, सरजू प्रसाद घृतलहरे, ब्लॉक अध्यक्ष महेश धिधि, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, बसंत जांगड़े, विक्रम राय, सुखनंदन बघेल, रवि बंजारे, सुनील कुर्रे, बंटी खुटे, खोजराम कोसले, आत्मा दास बांधे, महेंद्र सुरतांगे, लोचन बांधे, तानसेन कुर्रे, विजय कुर्रे, सेवक भतपहरी, सुकदास बंजारे, झड़ी राम कन्नौजे, नेमू सोनवानी नेमसिंह बांधे, अनिल आदिल,बाबूलाल बंजारे, हरीश गेंड्रे, परमेश्वर गेन्ड्रे, नीलकमल आजाद, जगतारण, धर्मेन्द्र रात्रे, सहदेव बघेल, बेदराम मार्कण्डेय, दयालु सोनवानी, जगजीवन जोशी, विजय कोशले, चरण तेहरवंश, भागीरथी बघेल जगतारण सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण यात्रा में शामिल हुए।





### सियाराम बने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**फिंगेश्वर।** प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा संगठन गरियाबंद के द्वारा फिंगेश्वर क्षेत्र के दमदार भाजपा कार्यकर्ता सियाराम साहू धुरव को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर अंचल मे भाजपा कार्यकर्ताओ मे हर्ष की लहर है। ज्ञात हो कि सियाराम धुरव भाजपा नेता के साथ साथ ग्राम खैरझिठी के सरपंच भी रहे है और युवाओ से लेकर अपने जाति के हर वर्ग मे अच्छा खासा पकड़ रखते हैं। उनके भाजपा को जिला अध्यक्ष बनने पर राजू साहू,अरूण सिन्हा,दशरथ सिन्हा,कोमल ढीढी,यशवंत साहू, प्रेमलाल टोडर,भागवत सिन्हा नेतराम साहू, भुनेश्वर साहू,संतराम धुरव,मोहन साहू,हीरालाल साहू सहित जिले के भाजपा नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# किसान विद्युत सहायता योजना को मिली नई पहचान

## अब डॉ. खूबचंद बघेल किसान विद्युत सहायता योजना के नाम से जाना जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश सरकार की किसान विद्युत सहायता योजना को अब डॉ. खूबचंद बघेल किसान विद्युत सहायता योजना के नाम से जाना जाएगा। शासन के इस निर्णय को किसान हितैषी सोच और छत्तीसगढ़ी अस्मिता से जुड़ा ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। योजना के नाम परिवर्तन एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा की अहम भूमिका रही।

पूर्व में किसान विद्युत सहायता योजना के रूप में संचालित यह योजना खेती की लागत घटाने और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई थी। अब इसे छत्तीसगढ़ के महान समाज सुधारक, किसान चेतना के अग्रदूत डॉ. खूबचंद बघेल के नाम से जोड़े जाने को सरकार की ओर से किसानों और मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

योजना के अंतर्गत 5 अश्वशक्ति तक के स्थायी एवं अस्थायी कृषि पंपों को निःशुल्क बिजली दी जा रही है। 3 अश्वशक्ति तक के पंपों के लिए 6000 यूनिट और 3 से 5 अश्वशक्ति क्षमता वाले पंपों के लिए 7500 यूनिट वार्षिक खपत तक पूरी छूट है। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को बिना किसी खपत सीमा के निःशुल्क विद्युत सुविधा का लाभ मिल रहा है।



### उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से हुआ नाम परिवर्तन, किसानों को मिल रही बड़ी राहत

इसके अलावा फ्लैट रेट योजना का विकल्प भी उपलब्ध है। इसके तहत प्रथम, द्वितीय एवं अन्य पंपों के लिए 100 से 300 रुपये प्रति अश्वशक्ति प्रतिमाह की दर से भुगतान कर असीमित बिजली उपयोग किया जा सकता है। इस प्रावधान से छोटे एवं सीमांत किसानों को विशेष राहत मिली है। अक्टूबर 2025 तक प्रदेश में लगभग 8.36 लाख कृषि पंप उपभोक्ता इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क बिजली प्राप्त कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में योजना के संचालन के लिए 5491.69 करोड़ रुपये की आवश्यकता आंकी गई है, जिसमें 3500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा का कहना है कि डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर योजना का नामकरण केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि किसान हित, सामाजिक न्याय और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में ठोस कदम है। शासन को उम्मीद है कि इस योजना से किसानों की निर्भरता घटेगी, उत्पादन बढ़ेगा और प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप


### कॉलेज में मतदाता पंजीयन के लिए लगा विशेष शिविर



**बिलाईगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व सूचना के अनुसार छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड, 10वीं अंकसूची एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। शिविर में महाविद्यालय में अध्ययनरत ऐसे छात्रों, जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है से फॉर्म 6 भरवाया गया। इस दौरान कुल 45 छात्र-छात्राओं ने नए मतदाता के रूप में आवेदन किया। शिविर के संचालन हेतु एसडीएम कार्यालय बिलाईगढ़ निर्वाचन शाखा से जीतेंद्र गोस्वामी सहायक शिक्षक एवं दीपक वर्मा का सहयोग रहा। इस मौके परप्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र, स्वीप प्रभारी पंकज साहू, सहयोगी डॉ. सुमन लता राठौर, कुसुम प्रधान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सर्वा में भागवत कथा आज से

**सेल।** ग्राम सर्वा में 18 से 24 दिसंबर तक श्रीमद भागवत



ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया हैं। यह आयोजन स्थान राष्ट्रीय आदर्श स्कूल के ग्राउंड में होगा। आयोजक देवचरण साहू चंपा साहू ओमप्रकाश साहू प्रतिभा साहू है। कथा के पहले दिन वेदस्थापना मंगल कलश यात्रा श्रीमद भागवत महात्म्य गोकर्ण कथा, दूसरे दिन 19 दिसंबर को 24 अवतार विराट दर्शन राजा परीक्षित जन्म कथा, 20 को वामन अवतार ध्रुव व प्रह्लाद चरित्र, 21 को राम जन्म व कृष्ण जन्मोत्सव, 22 को कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, रास पंचाध्यायी, 23 को उद्धव प्रसंग रूखमणी मंगल, 24 को सुदामा चरित्र, परीक्षित, मोक्ष तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन पूजन के बाद सहस्त्र धारा होगा।

### बंगोली में सतनाम शोभायात्रा निकाली



**बंगोली।** संत गुरु घासीदास की जयंती के पूर्व बुधवार को ग्राम बंगोली, कुर्रा के सतनामी समाज के सदस्यों ने डीजे संगीत के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में चोवा खुटे, बसंत खुटे, रामेश्वरी बॉधे, गीता मारकंडे, बेना खुटे, राधा बांधे सहित अन्य लोग यात्रा में शामिल रही।

### प्राथमिक स्कूल में लगा आनंद मेला

**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भद्रापाली के प्राथमिक



शाला में आनंद मेला के रूप में बच्चों ने मेला मड़ई का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद सभापति विद्युत विभाग प्रतिनिधि त्रिलोक यादव थे। कार्यक्रम में प्राचार्य हरीश वर्मा ने स्कूल के लिए वाटर कूलर लगवाने का घोषणा की। साथ ही पंचायत प्रतिनिधि एवं महिला समूह द्वारा शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया, जिसमें जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव ने शिव मंदिर में शिवलिंग देने की घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच देवप्रकाश वर्मा, उप सरपंच दौलेशवर वर्मा, प्राचार्य हरीश वर्मा एवं पंचगण तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणित दिवस पर प्रदर्शनी में छात्रों ने गणितीय मॉडल, चार्ट और उसकी अवधारणाओं को समझाया

# गणित का जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है महत्पूर्ण उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ रवान में राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व विख्यात गणितज्ञ निवासन रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को गणित के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि गणित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी है तथा यह विषय तार्किक सोच, अनुशासन और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और नाटक के माध्यम से गणित की उपयोगिता को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और



अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

गणित दिवस पर विद्यालय परिसर में एक विशेष गणितीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न गणितीय मॉडल, चार्ट और गतिविधियों के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को सरल और आकर्षक रूप में समझाया। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विषय के प्रति उनकी गहरी समझ को उजागर किया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ गणित शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा, एमएल खंडेलवाल, बिप्लब चक्रवर्ती, मयंक मिश्रा, दिलीप महता सहित सभी गणित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सार्थक बनाया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकिता केसरवानी और कक्षा 9 की छात्रा शान्वी एवं रुचिका द्वारा किया गया।

### शिक्षा मेले में छात्रों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक मॉडल



अमेरा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और शैक्षणिक समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा मेला का आयोजन किया गया। इस शिक्षा मेले में केजी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले का शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बलौदाबाजार उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि सहकारी समिति सकरी अध्यक्ष नेतराम साहू, ग्राम पंचायत सकरी के सरपंच हरीश फेकर, उपसरपंच धनेश वर्मा, पूर्व सरपंच ईश्वर साहू, पूर्व उपसरपंच ओंकार साहू, सचिव हरिकिशन वर्मा, कमलेश्वर यदु, रोजगार सहायिका देवयानी साहू के साथ पलारी भाजपा के मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा एवं डीएव्ही स्कूल टिकुलिया भाटापारा के प्राचार्य संतोष कुमार की उपस्थिति रही। केजी एवं प्राथमिक कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे चार्ट, मॉडल और गतिविधियों के माध्यम से अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत किया। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी, कंप्यूटर तथा पर्यावरण से संबंधित प्रोजेक्ट, चार्ट और कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान अनुभाग में ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण प्रदूषण जैसे विषय आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल के वीडियो प्रभारी सौरभ जैन के द्वारा जानकारी दी गई कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाते हैं तो स्कूल के प्राचार्य ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा मेला बच्चों में आत्मविश्वास, मंच कौशल और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करता है।

# राज्य स्तरीय स्वच्छ और हरित विद्यालय पुरस्कार के लिए छड़िया स्कूल का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पीएम श्री प्राथमिक शाला छड़यिा में रेखराज शर्मा जिला मिशन समन्वयक महासमुंद, विद्या साहू एपीसी महासमुंद द्वारा दिए गए विभिन्न सोपानों के तहत शौचालयों, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, किचन गार्डन, सोलर पेनल, डस्ट बिन, मैदान की स्वच्छता, बच्चों के स्तर इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण कर राज्य स्तर में चयन के लिए प्रारूप बनाकर भेजा गया। ज्ञात हो की जिला स्तर से 8 स्कूलों का 5 स्टार रेंक के आधार पर चयन किया गया हैं, जिसमें पीएम श्री छड़यिा का भी नाम चयनित हैं, इस कारण राज्य स्तर से पुरुस्कार हेतु यह निरीक्षण किया जा रहा हैं, जिसमें से सर्वसुविधायुक्त विद्यालय का चयन किया जायेगा। कुछ दिन पूर्व ऑनलाइन स्तर से शालाओं को उनके स्कूलों में मौजूद सुविधा की जानकारी देते हुए फॉर्म भराया गया था, जिसके तहत यह चयन हुआ हैं। इस अवसर पर खेलावन वर्मा एपीसी बलौदाबाजार, हितेन्द्र कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू संकुल समन्वयक व प्रधानपाठक छड़यिा प्रभा कश्यप, घनश्याम प्रसाद वर्मा, रामकुमार जायसवाल, पुनीराम धीवर, यश कश्यप सहित मध्यान भोजन महिला समूह के रसोईयागण उपस्थित थे।



# आरक्षक बने 16 अभ्यर्थियों ने भाजपा नेता शिवरन से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

क्षेत्र के ग्राम तरेंगा से 16 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का छत्तीसगढ़ जिला पुलिस आरक्षक 2023-2024 परीक्षा में चयन हुआ। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि भाटापारा की मिट्टी, मेहनत, संघर्ष और टीटीसी ग्राऊंड की विशिष्ट शिक्षण परंपरा का उज्ज्वल परिणाम है। सभी युवाओं ने एक बार फिर अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए भाटापारा विधानसभा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग 2023-24 आरक्षक भर्ती में भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा के चयनित 16 युवाओं ने बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के निवास पहुंच कर आत्मीय भेंट की। सभी चयनित युवाओं को शिवरतन शर्मा ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि, अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देगी। जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ना है। शिवरतन शर्मा ने कहा की इस संख्या में युवाओं का चयन भाटापारा विधानसभा के लिए गर्व का अद्वितीय क्षण है। टीटीसी ग्राउंड केवल प्रतियोगी तैयारी ही नहीं करवाई, बल्कि अनुशासन, लक्ष्य, वातावरण और संकल्प देकर युवाओं में नई ऊर्जा भरी।

# आशीष बने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका आशीष जायसवाल को भाजपा पिछड़ा मोर्चा में प्रदेश मंत्री का दायित्व मिलने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। जायसवाल पूर्व में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में कार्य कर रहे थे। लगातार भाजपा संगठन में सक्रियता के साथ काम करते हुए ना केवल आमजन के साथ बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क में रहते आए हैं। विदित हों कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश भाजपा संगठन में क्षेत्र के एक युवा को नई जवाबदारी मिली है।

भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा आशीष जायसवाल को प्रदेश में माहिती जवाबदारी मिली है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिहदेव प्रदेश महामंत्री संगठन पवन कुमार साय, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, जिला अध्यक्ष आनंद यादव और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्हें शिवरतन शर्मा, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, राकेश



तिवारी, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे, नपा उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष, चंद्रमणि तिवारी, पवन वर्मा, योगेश अनंत, मथुरा यदु, नारायण साहू, मो. हारुन, महिला अध्यक्ष नीरा देवी साहू व चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने आभार जताया।

# देश की रक्षा में वीरगति प्राप्त शहीद खोंडे की प्रतिमा होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- विजय दिवस पर उन्हें नगर के जय स्तंभ चौक में दी गई श्रद्धांजलि

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा 16 दिसंबर विजय दिवस पर जय स्तंभ चौक में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे की स्मृति में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाने की घोषणा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। यह प्रतिमा शहीद खोण्डे के अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को चिरस्थायी स्मृति प्रदान करेगी।



कार्यक्रम में अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उनका जन्म 15 अप्रैल 1942 को जबलपुर में हुआ। उनकी शिक्षा-दीक्षा भाटापारा में संपन्न हुई। उनके पिता लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी में सेवारत थे। शहीद खोण्डे ने 1 अगस्त 1964 को भारतीय वायुसेना में प्रवेश किया और फाइटर पायलट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे फ्लाइंग लेफ्टिनेंट के पद पर कार्यरत रहे तथा 4 दिसंबर 1971 को ऑपरेशन कैक्टस लिली के दौरान असम के हासीपारा क्षेत्र में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण है। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान से ही भारत की संप्रभुता और गौरव सुरक्षित है। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे का बलिदान नगर और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

उनकी स्मृति में स्थापित होने वाली प्रतिमा समाज को राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध का संदेश देगी। इस अवसर देशभक्ति के गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति स्कूल के बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी अरूण छाबड़ा, अभिषेक मोदी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भक्तिमय हुआ सकलोर: संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम सकलोर में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हुए श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। यह आयोजन स्व. अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं स्व. सुरूज बाई वर्मा की स्मृति में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पीला वस्त्र धारी महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर उत्साह के साथ भाग लिया।

बाजे गाजे और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-झूमते श्रद्धालुओं से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। कथा के प्रथम दिन का प्रसंग कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर वेदी पूजन संपन्न हुआ। राष्ट्रीय कथा



वाचिका अनन्या शर्मा ने रसपान कराया। प्रथम दिन उन्होंने शुक्रदेव की जन्म कथा का वर्णन किया। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला और उनकी मधुर वाणी ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान भगवान के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। आयोजक परिवार ने बताया कि यह कथा उनके पूज्य माता-पिता की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राम में सुख-शांति की कामना और नई पीढ़ी को धर्म व संस्कारों से जोड़ना है। इस धार्मिक आयोजन में आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह कथा आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और आध्यात्मिक रहस्यों का वर्णन किया जाएगा।

